Annex - 39

हेमवती नन्दन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय श्रीनगर गढ़वाल–246174 (उत्तराखण्ड)
(केन्द्रीय विश्वविद्यालय)
Hemwati Nandan Bahuguna Garhwal University, Srinagar (Garhwal), Uttarakhand – 246174
(A Central University)

Telephone : (01346) – 250558
Fax : (01346) – 250558, 250094
Website : www.hnbgu.ac.in
Email : drexamhnbgu@gmail.com

पत्रांकः हे.न.ब.ग.वि.वि. / परीक्षा / 2015 / 799 — 07 नवम्बर, 2015

सेवा में,

1. प्राचार्य समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय / संस्थान।
2. समस्त संकायाध्यक्ष, विश्वविद्यालय परिसर।

विषय – दिसम्बर 2015 में आयोजित होने वाली यू.जी / पी.जी. सेमेस्टर परीक्षाओं हेतु ऑनलाईन परीक्षा आवेदन–पत्र भरे जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

विश्वविद्यालय पत्र संख्या HNBGU/Exam / 785 दिनांक 05 / 11 / 2015 द्वारा मेल के बिन्दु संख्या 6 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें जिसमें त्रुटिवश यह छप गया है कि बी.ए., बी.एस.सी. एवं बी.कॉम. द्वितीय एवं तृतीय के परीक्षा आवेदन–पत्र ऑफ लाईन भरे जायेंगे। विश्वविद्यालय द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि सत्र 2015–16 हेतु बी.ए., बी.एस.सी. एवं बी.कॉम. द्वितीय एवं तृतीय वर्ष के परीक्षा आवेदन–पत्र भी आनलाईन भरे जायेंगे जिस हेतु अलग से विज्ञप्ति जारी की जायेगी। सभी महाविद्यालय / संस्थान / परिसरों को सूचित किया जाता है कि बी.ए., बी.एस.सी. एवं बी.कॉम. द्वितीय एवं तृतीय वर्ष के छात्र / छात्राओं से ऑफ लाईन परिक्षा आवेदन–पत्र न भरवायें जायें।

विश्वविद्यालय द्वारा दिसम्बर, 2015 में सम्पन्न होने वाली सभी सेमेस्टर परीक्षाओं (स्नातक / स्नातकोत्तर) के परीक्षा आवेदन–पत्र ऑनलाईन भरे जा रहे हैं। महाविद्यालय / संस्थान, छात्र / छात्राओं द्वारा भरे गये आनलाईन परीक्षा आवेदन–पत्रों की **www.hnbguedrp.in** पर लॉगइन कर वेरीफिकेशन करना अनिवार्य है यदि किसी भी महाविद्यालय / संस्थान / परिसर द्वारा उक्त परीक्षार्थियों के परीक्षा आवेदन–पत्रों आनलाईन सत्यापित नहीं किया जाता है तो ऐसे महाविद्यालय / संस्थान / परिसर के छात्रों के प्रवेश–पत्र जारी नहीं किये जायेंगे तथा छात्र आगामि परीक्षा से वंचित हो जायेगें जिसकी समस्त जिम्मेवारी संबंधित महाविद्यालय / संस्थान / परिसर की होगी। छात्र / छात्राओं द्वारा ऑनलाइन मुद्रित आवेदन–पत्रों को महाविद्यालय / संस्थान / परिसर सत्यापित कर विश्वविद्यालय को अग्रसारित करेगें।

कुलसचिव

प्रतिलिपिः–

1. ओ.एस.डी., कुलपति–माननीय कुलपति महोदय के सूचनार्थ प्रेषित।
2. परीक्षा नियंत्रक (मुख्य / व्यावसायिक परीक्षा) के सूचनार्थ प्रेषित।
3. उप कुलसचिव (परीक्षा) के सूचनार्थ प्रेषित।

कुलसचिव